किरौली, फतेहाबाद, गुत्तोर, बिलग्राम, पुरवा, हासनगंज, बिग्ना, रसूलाबाद, अकबरपुर, डोगिनीपुर, माजा, ताराबगंज, सहौली, तामकुहारज, रुद्रपुर, बदलापुर, सकलडीहा, लालगंज, मरहाऊ (मिर्जापुर), बाह (जरार), रामनगर।

1994 :

पुरदा, भटवानी, ऊखमाथ, थरालो, नुसियानी, सियाना, मीरगंज, धौरहारा, बिल्हौर, इतवा, निचलौल, दूधो, प्रतापनगर, राजगढ़ो, थैलीसैण धुमाकोट, कोहाकुटौली, धारी, डेरापुर, सिराथु, मनझानपुर, बारा, मानपुर, बुदानपुर, बैरिया।

कार टेलीफोन

2771. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन महानगरों में कार टेलीफोन प्रदान कर दिये गये है ;

(ख) इस प्रयोजनार्थ ग्राहक को कितनी राशि जमा करानी पड़ती है और अब तक कितने व्यक्ति ऐसे टेलीफोन प्राप्त कर चुके हैं; और

(ग) इस संबंध में विस्तार की योजना क्या है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) महोदय कार टेलीफोन प्रणाली इस समय केवल दिल्ली में ही कार्य कर रही है।

(ख) दिल्ली में इस सेवा के लिए प्रारंभ में 1 लाख रु. की राशि जमा करनी होती है। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या इस समय 268 है।

(ग) हाल ही में दिल्ली में इस प्रणाली का विस्तार इसकी अधिकतम क्षमता अर्थात् 15 रेडियो चैनलों तक किया गया है। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि सेल्लुलर मोबाइल रेडियो टेलीफोन सेवा के प्रचालन का विक्रय अधिकार चार महानगरों अर्थात् दिल्ली, बंबई, कलकत्ता और मद्रास में दिया जाए।

Critics for publication of telephone directory

2772. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minsiter of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the criteria adopted to publish a telephone directory;

(b) what are the details of the telephone directories published in Gujarat in telephone managing areas during the last three years; and

(c) what are the diserict Telephone managre-wise dateils thereof and also the reasons for not publishing the directory in time?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) Telephone directories are published Secondary Switching Area-wise once in a year.

(b) and (c) Details are given in the statement which is laid on the Table of the House.

Statement

Details of publication of telephone directories in Gujarat during last 3 years

Name of District S.S.A.	Details of Telephone Directories published during the last 3 years.
1 2	3
1. Ahmedabad City	Published Twice in 1990 & 1992
2. Gandhinagar Ahmedabad Rural	Nil

1	2	3
3.	Baroda	Once 1991
4.	Rajkot	Twice 1990 and 1992
5.	Surat	Once 1991
6.	Nadiad	Once 1992
7.	Bhavnagar	Once 1991
8.	Junagarh	Once 1991
9.	Jamnagar	Once 1991
10.	Bhuj	Twice 1990 - 1991
11.	Bulsar	Once 1991
12.	Mehsana	Once 1991
13.	Bulsar	Once 1989
14.	Bharuch	Not Published
15.	Godhra	Once 1992
16.	Himatnagar	Once 1991
17.	Palanpur	Once 1991
18.	Surendranagar	Once 1991

Telephone Directories could not be published in Bharuch, Ahmedabad Rural and Gandhinagar due to no contractors forthcoming to point print these directories.

उत्तर प्रदेश में डाकघरों तथा उप-डाकघरों का खोला जाना

2773. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या संचार मंत्री 4 सितंबर, 1991 की राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 499 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कितने गांव, जहां कोई डाकघर/उप-डाकघर नहीं है, और इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) उक्त गांवों में डाकघर/उप-डाकघर कब तक खोल दिए जाएंगे ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश में 31-3-92 की स्थिति के अनुसार ऐसे गांवों की संख्या 95,362 है जिनमें डाकघर उप डाकघर नहीं हैं। तथापि, डाकघर एक के बाद एक वार्षिक योजनाओं के अन्तर्गत खोले जाते हैं। इनका खोला जाना, इस संबंध में प्राप्त अनुरोध/प्रस्तावों पर तथा निर्धारित मानदंडों के अनुसार औचित्य पर जाने और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदेश में 75 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर और 10 विभागीय उप डाकघर खोलने की योजना बनाई गई है।

उत्तर प्रदेश में टेलीग्राफ सुविधाएं

2774. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में ऐसे कौन-कौन से स्थान हैं, जहां टेलीग्राफ की सीधी सुविधा उपलब्ध है ;